अव्यवस्था | तहसील प्रशासन एवं नगर परिषद लापता, शहर की यातायात व्यवस्था हुई बुरी तरह चौपट

# यातायात व्यवस्था सुधारने विधायक उतरे सड़क पर







**शहपुरा नवभारत 1 अप्रैल।** बुधवार को सुबह शहपुरा की यातायात व्यवस्था सुधारने क्षेत्रीय विधायक ओम प्रकाश धुर्वे को स्वयं सड़क पर उतरना पड़ा।

पिछले 2 महीने से यहां पर डिवाइडर निर्माण का कार्य बंद पड़ा है, परंतु नगर के दो प्रमुख चौराहे निवास चौराहा एवं बटौंधा डिंडोरी चौराहा नगरीय प्रशासन शहपुरा द्वारा रास्ता अवरूद्ध किया गया था, जिससे शहपुरा नगर की यातायात व्यवस्था पूरी तरह चौपट थी। विधायक ओमप्रकाश धुर्वे ने स्वंय खड़े होकर बेरीकेटड्स को हटवाया, जिससे यातायात सुचारू रूप से पुनः चालू हो सका।

**प्रशासन की कार्यप्रणाली पर सवाल**

लगातार कार्य बंद होने के बावजूद इस तरह से यातायात अवरूद्ध रखना नगर परिषद शहपुरा एवं तहसील प्रशासन की कार्यप्रणाली पर बड़े सवाल खड़े करता है। और ऐसी स्थिति में क्षेत्रीय विधायक को स्वयं सड़क पर उतरकर यातायात व्यवस्था सुधारनी पड़ रही।




# यात्री वाहनों की सघन जांच, दो बसों को किया जब्त

▶ बिना परमिट एवं बकाया टैक्स के साथ हो रही थीं संचालित

**डिंडौरी, नवभारत 1 अप्रैल।** एसडीएम डिण्डौरी के निर्देशन में परिवहन एवं पुलिस विभाग द्वारा संयुक्त रूप से यात्री वाहनों की सघन जांच अभियान चलाया गया। कार्यवाही के दौरान नियमों का उल्लंघन करने वाले वाहनों पर सख्ती से कार्यवाही की गई।

जांच के दौरान बिना परमिट एवं बकाया टैक्स के साथ संचालित हो रही बस वाहन क्रमांक सीजी 14 पी 0129, वाहन मालिक धनंजय तिवारी का कुल 1,72,268 रुपए टैक्स बकाया पाया गया। इसी प्रकार वाहन क्रमांक एमपी 52 पी 0112, वाहन मालिक आकाश केशवानी का 34,472 रुपए टैक्स बकाया पाया गया। नियमों का उल्लंघन पाए जाने एवं बिना वैध परमिट के संचालन के कारण दोनों वाहनों को जब्त कर थाना कोतवाली में खड़ा कराया गया है।

## कार्यवाही निरंतर जारी रहेगी

प्रशासन ने स्पष्ट किया है कि यात्री सुरक्षा एवं नियमों के पालन को सुनिश्चित करने के लिए इस प्रकार की कार्यवाही आगे भी जारी रहेगी। वाहन संचालकों से अपील की गई है कि वे अपने समस्त दस्तावेज पूर्ण रखें एवं नियमानुसार ही वाहनों का संचालन करें, अन्यथा कठोर कार्यवाही की जाएगी।

# सड़क निर्माण में अनियमितता पर ठेकेदार को नोटिस

▶ लापरवाही पर जिला प्रशासन की सख्त कार्यवाही



**शहपुरा नवभारत 1 अप्रैल।** कार्यालय कलेक्टर डिंडोरी द्वारा शहपुरा-डिंडौरी मार्ग पर सड़क निर्माण कार्य में अनियमितताओं एवं अनुबंध की शर्तों के उल्लंघन के संबंध में संबंधित ठेकेदार फर्म को कारण बताओ सूचना पत्र जारी किया गया है।

संबंधित फर्म द्वारा राष्ट्रीय राजमार्ग क्रमांक 45 के अंतर्गत शहपुरा-डिंडौरी खंड में किए जा रहे निर्माण कार्य में गुणवत्ता संबंधी गंभीर शिकायतें प्राप्त हो रही हैं। जिला विकास समन्वय एवं निगरानी समिति की बैठक में जनप्रतिनिधियों एवं अधिकारियों द्वारा भी निर्माण कार्य की गुणवत्ता पर असंतोष व्यक्त किया गया। साथ ही सोशल मीडिया में वायरल समाचारों के आधार पर भी निर्माण कार्य में मानकों की अनदेखी सामने आई है।

**निर्धारित गुणवत्ता का पालन नहीं किया गया**-निरीक्षण के दौरान पाया गया कि निर्माणाधीन पुल पुलिया के पास कार्य में निर्धारित गुणवत्ता का पालन नहीं किया जा रहा है तथा बिना पर्याप्त मजबूती के पाइप डालकर निर्माण किया जा रहा है। यह कृत्य अनुबंध की शर्तों एवं 'ठेकेदार के दायित्व' के प्रावधानों का उल्लंघन है। लोक निर्माण विभाग के कार्यपालन यंत्री टीम द्वारा 31 मार्च को स्थल निरीक्षण कर अपनी रिपोर्ट प्रस्तुत की गई है, जिसमें कार्य में खामियां पाई गई हैं।

**7 अप्रैल तक जवाब मांगा गया**-कलेक्टर ने समस्या को गंभीरता से लेते हुए संबंधित फर्म से स्पष्ट कारण बताने के निर्देश दिए हैं कि क्यों न अनुबंध की धारा 23 के अंतर्गत अनुबंध निरस्त कर फर्म को ब्लैकलिस्ट किया जाए। इस संबंध में फर्म को 7 अप्रैल तक उपस्थित होकर अपना पक्ष प्रस्तुत करने के निर्देश दिए गए हैं। समयसीमा में संतोषजनक जवाब प्रस्तुत नहीं करने की स्थिति में एकपक्षीय कार्रवाई की जाएगी।

# रेत उत्खनन के खिलाफ पार्षद व रहवासियों का प्रदर्शन

▶ तहसीलदार को सौंपा ज्ञापन, अवैध रेत खनन पर रोक लगाने की मांग



**नौरोजाबाद नवभारत 1 अप्रैल।** जिले के नौरोजाबाद क्षेत्र में अवैध रेत उत्खनन को लेकर एक बार फिर विरोध तेज हो गया है। वार्ड नंबर 15 के पार्षद पर्वत सिंह ने वार्डवासियों के साथ मिलकर तहसील कार्यालय पहुंचकर तहसीलदार को ज्ञापन सौंपा।

ज्ञापन में अवैध रेत खनन और परिवहन पर तत्काल रोक लगाने की मांग की गई है। पार्षद ने आरोप लगाया कि लंबे समय से क्षेत्र में अवैध उत्खनन जारी है, बावजूद इसके प्रशासन द्वारा प्रभावी कार्रवाई नहीं की जा रही है। विशेष रूप से जितेंद्र द्विवेदी उर्फ जीतू पर आरोप लगाते हुए कहा गया कि वह नदी-नालों से अवैध रूप से रेत निकालकर ट्रैक्टरों के माध्यम से उसका परिवहन करवा रहा है।

**दोषियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की मांग**-ज्ञापन में यह भी स्पष्ट किया गया कि वार्ड नंबर 15 के अंतर्गत किसी भी नदी, तालाब या नाले का वैध ठेका नहीं है, इसके बावजूद खुलेआम खनन किया जा रहा है। इससे न केवल पर्यावरण को नुकसान हो रहा है, बल्कि स्थानीय लोगों में भी आक्रोश बढ़ता जा रहा है। पार्षद और वार्डवासियों ने प्रशासन से जल्द कार्रवाई करते हुए अवैध गतिविधियों पर रोक लगाने की मांग की है, साथ ही दोषियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की अपील की है।




## घरेलू गैस सिलेंडरों के दुरुपयोग पर 5 सिलेंडर जब्त

**डिंडौरी।** विगत दिवस सहायक आपूर्ति अधिकारी शमीम खान द्वारा खाद्य विभाग की टीम के साथ करंजिया स्थित मां नर्मदा भोजनालय में निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के दौरान घरेलू उपयोग के एलपीजी सिलेंडरों का व्यावसायिक उपयोग पाया गया। मौके से 5 घरेलू गैस सिलेंडरों को जब्त कर अम्बे एचपी गैस, करंजिया की सुपुर्दगी में दिया गया।



## काली माता के भेष में नाच रहा व्यक्ति गिरा, मौत

▶ रकेली के पठारी गांव में जवारा विसर्जन जुलूस की घटना, वीडियो सोशल मीडिया में वायरल

**नवभारत उमरिया 1 अप्रैल।** जिले के विकासखण्ड करकेली अंतर्गत पठारी गांव में रामनवमी के जवारा विसर्जन जुलूस के दौरान काली माता के वेश में नृत्य कर रहे एक व्यक्ति की अचानक मौत हो गई। वीडियो मे वह नाचते-नाचते गिरता दिख रहा है। इस घटना का वीडियो अब सोशल मीडिया मे तेजी से वायरल हो रहा है।

बताया जाता है कि यह घटना 28 मार्च की है। जहां रामगरीब नाम का व्यक्ति काली का रूप धारण कर नृत्य कर रहा था। इस बीच उसे अचानक बेचैनी हुई और कुछ ही क्षणों में वह जमीन पर गिर पड़ा। घटना के बाद जुलूस में अफरा-तफरी मच गई। ग्रामीण उसे नजदीकी अस्पताल लेकर पहुंचे, जहां जांच के बाद डॉक्टर ने मृत घोषित कर दिया।

**हार्टअटैक से मौत की आशंका-** डॉ. वीके चंदेल के मुताबिक, शुरुआती लक्षणों के आधार पर मामला हार्टअटैक का प्रतीत होता है। अत्यधिक शारीरिक श्रम या अचानक तनाव से हृदय गति रुकने की संभावना जताई गई है। गांव के सरपंच गोविन्द प्रसाद गौतम ने बताया कि राम गरीब ग्राम पंचायत में मजदूरी करता था। परिवार में पत्नी, दो बेटी और एक बेटा है। बड़ी बेटी की शादी अक्षय तृतीया के दिन होने वाली थी और इसकी तैयारियां घर में चल रही थी। इस घटना ने मृतक के परिवार को अंदर से झकझोर दिया है।

# नवप्रवेशित विद्यार्थियों का किया तिलक वंदन से स्वागत




▶ सांदीपनि विद्यालय अमरपुर में प्रवेश उत्सव का आयोजन

**अमरपुर नवभारत 1 अप्रैल।** शासन के निर्देशानुसार शासकीय सांदीपनि विद्यालय अमरपुर में 1 अप्रैल को प्रवेशोत्सव कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इसमें हन्नु सिंह पट्टा अध्यक्ष जनपद पंचायत अमरपुर के मुख्य आतिथ्य में छात्र, छात्राओं को तिलक वंदन कर नए कक्षा में प्रवेश दिलाते हुए नई कक्षा की पुस्तकें एवं गणवेश भी वितरित किया गया।

प्रवेशोत्सव कार्यक्रम के मुख्य अतिथि हन्नु सिंह पट्टा के उद्बोधन के पश्चात स्थानीय प्रस्फुटन समिति अध्यक्ष गुलाब सिंह ठाकुर द्वारा जल गंगा संवर्धन अभियान के तहत जल संरक्षण के संबंध में छात्रों को विस्तृत जानकारी देते हुए जल संरक्षण की शपथ दिलाई गई। विशिष्ट अतिथि महेंद्र ठाकुर अध्यक्ष ब्लॉक कांग्रेस कमेटी अमरपुर ने छात्रों से कहा कि छात्रों को अपने अध्ययन कार्य में ध्यान केंद्रित करने की आवश्यकता के साथ पौध रोपण एवं पानी का अपव्यय रोकने की अपील भी की गई।

**इनकी रही उपस्थिति-** इस अवसर पर प्रमुख रूप से पत्रकार लियाकत अली, भाजपा मंडल उपाध्यक्ष माखन साहू सहित समस्त विद्यालय स्टाफ मौजूद रहे। संचालन विद्यालय के शिक्षक जाकिर हुसैन द्वारा किया गया। अंत में संस्था प्राचार्य प्रदीप सुरीन द्वारा संस्था के गतिविधियों से अवगत कराते हुए सभी उपस्थितजनों का आभार प्रदर्शन किया गया।

**देवरी में विद्यार्थियों को नि :शुल्क पुस्तकें वितरित**



जनपद शिक्षा केन्द्र अमरपुर क्षेत्रांतर्गत प्राथमिक शाला एवं माध्यमिक शाला देवरी में वर्ष 1 अप्रैल को शाला प्रवेशोत्सव हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। कार्यक्रम में विद्यार्थियों, शिक्षकों, जनप्रतिनिधियों एवं ग्रामीणों की उपस्थिति में विद्या की देवी मां सरस्वती की पुष्प अर्पित कर आरती पूजा पाठ कर छात्र, छात्राओं को नि:शुल्क पाठ्य पुस्तक वितरण कर आगे की पढ़ाई करने की शुभकामनाएं दी गई।

**इनकी रही उपस्थिति**-कार्यक्रम में प्रमुख रूप पालक संघ अध्यक्ष मोले सरैया, उपसरपंच मंगल सिंह ठाकुर, प्रस्फुटन समिति अध्यक्ष नारायण सिंह ठाकुर, जन अभियान परिषद मेंटर्स लाल सिंह ठाकुर, मदन सिंह ठाकुर, राम कुमार ठाकुर, जगदीश ठाकुर, कैलाश ठाकुर, उत्तम सिंह ठाकुर, कल्याण सिंह ठाकुर, कैलाश ठाकुर चौरा, रामा सिंह, रामाभाई धनगर, प्रधान अध्यापक, मोहित धुर्वे, चूरामन, रितेश गजाम, शशिकांता बड़कड़े, अवधेश सिंह ठाकुर, सुषमा ठाकुर,ामवती महते आदि उपस्थित रहे।



## पर्यवेक्षक लक्ष्मी शिव को नोटिस जारी

▶ पुताई व साफ-सफाई में अनियमितता पर सख्ती

**शहपुरा नवभारत 1 अप्रैल।** महिला एवं बाल विकास विभाग अंतर्गत आंगनबाड़ी केंद्रों में पुताई एवं साफ-सफाई कार्य में अनियमितता पाए जाने पर जिला कार्यक्रम अधिकारी (डीपीओ) ने सख्त रुख अपनाया है।

परियोजना शहपुरा के सेक्टर मानिकपुर अंतर्गत आंगनबाड़ी केंद्र लालपुर दादर टोला एवं लालपुर के निरीक्षण के दौरान पाया गया कि राशि जारी होने के बावजूद पुताई एवं साफ-सफाई का कार्य नहीं कराया गया है। साथ ही केंद्रों की स्थिति संतोषजनक नहीं पाई गई तथा संबंधित पर्यवेक्षक को भी मामले की समुचित जानकारी नहीं थी। मामले को गंभीरता से लेते हुए डीपीओ द्वारा पर्यवेक्षक लक्ष्मी शिव को कारण बताओ नोटिस जारी करने के निर्देश दिए गए हैं। इसके अतिरिक्त जिले के अन्य सभी आंगनबाड़ी केंद्रों में, जहां पुताई एवं साफ-सफाई हेतु राशि उपलब्ध कराई जा चुकी है, वहां शीघ्र कार्य पूर्ण कराने के निर्देश दिए गए हैं। विभाग ने स्पष्ट किया है कि लापरवाही बरतने वाले जिम्मेदारों के विरुद्ध कड़ी कार्यवाही जारी रहेगी।

प्रवेशोत्सव | शहपुरा के सांदीपनी विद्यालय में शाला प्रवेशोत्सव का आयोजन, मुख्यमंत्री के लाइव प्रसारण का विद्यार्थियों ने किया सामूहिक अवलोकन

# आर्थिक अभाव से बच्चों की पढ़ाई बाधित नहीं होनी चाहिए : धुर्वे



**शहपुरा नवभारत 1 अप्रैल।** सांदीपनी विद्यालय में बुधवार को शाला प्रवेश उत्सव कार्यक्रम 2026 का गरिमामय एवं उत्साहपूर्ण आयोजन किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ क्षेत्रीय विधायक ओमप्रकाश धुर्वे एवं कलेक्टर अंजू पवन भदौरिया द्वारा मां सरस्वती के तैलचित्र पर पुष्पमाला अर्पित कर, तिलक वंदन एवं सरस्वती वंदना के साथ किया गया।

कार्यक्रम के दौरान मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव के लाइव प्रसारण का सामूहिक रूप से अवलोकन किया गया, जिसमें शिक्षा के महत्व एवं विद्यालयों में नामांकन बढ़ाने के संबंध में महत्वपूर्ण संदेश दिए गए। शाला प्रवेश उत्सव का मुख्य उद्देश्य अधिक से अधिक बच्चों को विद्यालय से जोड़ना एवं शिक्षा के प्रति सकारात्मक वातावरण का निर्माण करना है।

**सांस्कृतिक कार्यक्रम हुए आयोजित**-इस अवसर पर विद्यालय की छात्राओं द्वारा आकर्षक सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किए गए, जिन्होंने उपस्थित जनसमूह का मन मोह लिया। कार्यक्रम में शिक्षा के प्रति उत्साह एवं जागरूकता का वातावरण स्पष्ट रूप से परिलक्षित हुआ। विधायक ओमप्रकाश धुर्वे ने अपने उद्बोधन में कलेक्टर का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि उनके शहपुरा आगमन से क्षेत्र को विशेष महत्व मिला है।

**लंबित प्रवेश प्रकरणों का निराकरण शीघ्र करें : विधायक**-श्री धुर्वे ने अभिभावकों से बच्चों को नियमित विद्यालय भेजने की अपील करते हुए कहा कि आर्थिक अभाव के कारण किसी भी बच्चे की पढ़ाई बाधित नहीं होनी चाहिए। साथ ही विद्यालयों में नियमित कैरियर गाइडेंस प्रदान करने एवं आधार कार्ड, समग्र आईडी, जाति प्रमाण पत्र आदि के अभाव में लंबित प्रवेश प्रकरणों का निराकरण विद्यालय स्तर पर ही सुनिश्चित करने के निर्देश दिए।

**बच्चों को नियमित स्कूल भेजें : कलेक्टर**-कलेक्टर अंजू पवन भदौरिया ने अपने उद्बोधन में शिक्षा को जीवन का महत्वपूर्ण कवच बताते हुए अभिभावकों से बच्चों को नियमित स्कूल भेजने की अपील की। उन्होंने बताया कि डिंडोरी जिले ने कक्षा 8वीं में प्रदेश में तीसरा और कक्षा 5वीं में दूसरा स्थान प्राप्त किया है, जो गर्व का विषय है। उन्होंने कहा कि पिछले वर्ष 98 प्रतिशत नामांकन हुआ था और इस वर्ष 100 प्रतिशत लक्ष्य रखा गया है।

**गणवेश वितरित किए गए-** कार्यक्रम में पुस्तक वितरण, साईकिल वितरण, गणवेश वितरण एवं स्टेट चैंपियनशिप 2025-26 में गोल्ड मेडल प्राप्त करने वाली छात्राओं-देवन्ती पुशाम, अभिलाषा परस्ते, रुकमणी परस्ते, गंगोत्री मरावी, राजेश्वरी परस्ते, आरती मरावी, संतोषी सैयाम, पालमी कुलस्ते, नमीता मार्को, मोनिका नेताम, राधिका धुर्वे एवं सुखीपा धुर्वे को सम्मानित किया गया।

**इनकी रही उपस्थिति-** कार्यक्रम में जनपद अध्यक्ष प्रियंका आर्मो, नगर परिषद अध्यक्ष शालिनी अग्रवाल, एसडीएम शहपुरा ऐश्वर्या वर्मा, जिला शिक्षा अधिकारी सुमन परस्ते, डीपीसी श्वेता अग्रवाल सहित स्थानीय जनप्रतिनिधि, अधिकारी, शिक्षक, अभिभावक एवं बड़ी संख्या में विद्यार्थी उपस्थित रहे।

**करंजिया विद्यालय परिसर में रहा उत्सव जैसा माहौल**




**करंजिया, नवभारत 1 अप्रैल।** शासकीय मॉडल उच्चतर माध्यमिक विद्यालय करंजिया में नवीन शिक्षण सत्र का शुभारंभ हर्षोल्लास के साथ किया गया। स्कूल चले हम अभियान के अंतर्गत आयोजित प्रवेशोत्सव कार्यक्रम में नवप्रवेशित बच्चों का तिलक लगाकर स्वागत किया गया, जिससे विद्यालय परिसर में उत्सव जैसा माहौल बन गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथियों में जनपद पंचायत अध्यक्ष राजू सिंह उद्दे, मंडल अध्यक्ष लक्ष्मी प्रसाद दर्केश, ग्राम सरपंच जमोत्री पंद्रों एवं अधिवक्ता राजेश पनारे विशेष रूप से उपस्थित रहे। अतिथियों एवं संस्था प्राचार्य द्वारा विद्यार्थियों को पुस्तकें, गणवेश एवं साइकिल का वितरण किया गया। साथ ही प्रतिभाशाली विद्यार्थियों को प्रमाणपत्र देकर उनका उत्साहवर्धन किया गया। **इनकी रही उपस्थिति**-कार्यक्रम में बड़ी संख्या में जनप्रतिनिधि, गणमान्य नागरिक, अभिभावक एवं शिक्षक उपस्थित रहे। इनकी सहभागिता ने आयोजन को और भी गरिमामय बना दिया। कार्यक्रम का संचालन कुलवंत सिंह पाटले द्वारा किया गया, वहीं शाला प्रमुख ने आभार प्रदर्शन किया। इस आयोजन ने न केवल शिक्षा के प्रति जागरूकता बढ़ाई, बल्कि बच्चों में विद्यालय के प्रति अपनापन और उत्साह भी जगाया।

**किसलपुरी में स्कूल चले हम कार्यक्रम आयोजित**




**किसलपुरी, नवभारत 1 अप्रैल।** स्कूल चले हम अभियान कार्यक्रम के अंतर्गत आज 1 अप्रैल को प्रवेश उत्सव कार्यक्रम का आयोजन शासकीय एकीकृत बालक माध्यमिक शाला किसलपुरी में किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता एसएमसी अध्यक्ष दिनेश कुमार साहू के द्वारा किया गया।

उक्त कार्यक्रम में नव प्रवेशी छात्र/छात्राओं को तिलक लगाकर स्वागत, आमंत्रित अतिथि योगेंद्र प्रसाद तिवारी (सीआरपीएफ जवान) द्वारा नि:शुल्क पाठ्य पुस्तक का वितरण कराया गया। विशेष भोज का आयोजन किया गया।आमंत्रित अभिभावकों के साथ ग्राम के शत् प्रतिशत 6 से 14 वर्ष के बच्चों को शाला में दर्ज करने हेतु आवश्यक बैठक का आयोजन किया गया।

**छात्र रणवीर व हरिओम को किया सम्मानित**-कार्यक्रम के अंत में जवाहर नवोदय विद्यालय धमनगांव में चयनित कक्षा आठवीं का छात्र रणवीर शाह मसराम एवं कक्षा पांचवी के छात्र हरिओम बर्मन को शाला परिवार की ओर से स्मृति चिन्ह देकर सम्मानित किया गया। शाला परिवार के शिक्षक, पवन साहू,, अनिल साहू,, सरोजनी मरावी, प्रियंका धुरैया, रामेंद्र सरठिया की उपस्थिति में कार्यक्रम संपन्न हुआ।

## बांधवगढ़ टाइगर रिजर्व में एमपी ऑनलाइन सेवा बंद

**चिल्हारी।** जिले के बांधवगढ़ टाइगर रिजर्व मे आगामी दो दिन एमपी ऑनलाईन एवं इसके सभी सब-डोमेन की सेवायें 31 मार्च की रात्रि 11.50 बजे से 2 अप्रैल की सुबह 10 बजे तक बंद रहेंगी। उक्ताशय की जानकारी क्षेत्र संचालक डॉ. अनुपम सहाय ने देते हुए बताया कि वित्तीय वर्ष 2025-26 की क्लोजिंग के कारण इस अवधि में किसी भी प्रकार की ऑनलाइन सेवा या ट्रांजक्शन उपलब्ध नहीं रहेगा।

**In The Court Of Civil Judge, Class-I, and Judicial Magistrate, District Court, Dindori**
**Presiding Officer : गिरजेश कुमार सनोदिया**
आवेदन पत्र अंतर्गत धारा 372 भारतीय उत्तराधिकार अधिनियम सक्सेशन प्रकरण क्रमाक (MJC SUC/0000029/2024)
तिल्ली बाई यादव ...... आवेदक
Vs
बैंक मैनेजर स्टेट बैंक ...... अनावेदक
Process Id-/2026
प्रेषिती- पेशी दिनांक :- 25/04/2026
(1) जन साधारण पता डिण्डौरी जिला डिण्डौरी म.प्र.
(2) आम जनता
आम जनता को सूचित किया जाता है कि आवेदक तिल्ली बाई यादव पति ने मृतक श्याम लाल यादव निवासी वार्ड नं.-02 भवानी चौक डिण्डौरी की खातों एवं राशि की भुगतान हेतु राशि/संपत्ति हेतु उत्तराधिकारी अथवा अभिभावक संरक्षक नियुक्ति प्रमाण पत्र प्राप्त करने के लिये इस न्यायालय में आवेदन किया है जिसकी सुनवाई दिनांक 25 April 2026 को नियत है।
यदि किसी व्यक्ति को उक्त प्रकरण में आवेदक को उक्त मृतक का उत्तराधिकारी अथवा अभिभावक/संरक्षक होने सम्बन्धी प्रमाण पत्र जारी किये जाने में कोई आपत्ति हो अथवा उक्त प्रकरण में वह अपना हक समझता हो तो पेशी दिनांक 25 April 2026 को न्यायालय में स्वयं अथवा अधिवक्ता के माध्यम से उपस्थित रहें। सूचना उपरांत, यदि अनुपस्थित रहे तो प्रकरण की सुनवायी एक पक्षीय की जाकर प्रकरण का निराकरण किया जावेगा।
यह आज तारीख 25 March 2026 को मेरे हस्ताक्षर से और न्यायालय की मुद्रा लगा कर दिया गया है।
न्यायालय की मुद्रा
सील
(गिरजेश कुमार सनोदिया)
प्रथम व्यवहार न्यायधीश
वरिष्ठ खंड जिला डिण्डौरी (म.प्र)
कृपया ध्यान दें:- 1. यदि किसी कारणवश उक्त तिथि को न्यायालय अवकाश पर रहेगा तो अगामी कार्यदिवस पर यह प्रकरण सुनवाई में लिया जायेगा।